कटीले काले काले है कान्हा तेरे नैन

कटीले काले काले है कान्हा तेरे नैन,
नशीले मेह के प्याले है कान्हा तेरे नैन,

ये रहते है पलको की और,
करे दिल पे ये सीधी चोट,
रसीले मतवाले है कान्हा तेरे नैन,

मैं जब जब देखु तेरे नैन,
मेरा दिल हो जाता वेचैन,
छबीले नखराले है कान्हा तेरे नैन,

देख के इनका रंग और रूप,
गई तेरे नैनो में डूभ,
नुकीले कजरारे है कान्हा तेरे नैन,

नैन पे रीना हुई कुर्बान,
अनाड़ी करता है गुणगान,
हटीले भोले भाले है कान्हा तेरे नैन

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12132/title/kateele-kale-kale-hai-kanha-tere-nain

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |